रैली | फिट इंडिया के संदेश को फैलाने का आह्वान

# उत्साह के साथ निकली साईकिल रैली

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण, भारतीय साइकलिंग महासंघ और फिट इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार सुबह 6 बजे से रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान को सार्थक बनाने की पहल को लेकर संपूर्ण भारत वर्ष में साइकिल रैली का आयोजन आज एक साथ किया गया।

यह साइकिल रैली एक प्रतियोगिता न होकर एक उत्सव के रूप में आयोजित की गई। इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को फिट रहने के साथ साथ साइकिल चलाने के प्रति जागरूक करना था और इसके लाभों से अवगत कराने का संदेश देना था। यह साईकिल रैली सुबह 6 बजे रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से






शुरू होकर मदनमहल, होमसाइंस कॉलेज रोड, यातायात चौक, गोलबाजार होते हुए रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आकर समाप्त हुई। रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विशेष सुविधाएं भी प्रदान की गई। रैली को सफल बनाने में नगर के समाजसेवियों और प्रतिष्ठित नागरिकों का विशेष योगदान रहा। रैली के शुभारंभ में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू भी मौजूद रहे।

### रैली ने किया आकर्षित

सुबह-सुबह निकाली साईकिल रैली की भव्यता से शहरवासियों को अपनी ओर आकर्षित किया। विश्व साइकलिंग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साइकिल रैली में शामिल होकर साइकिल को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने और फिट इंडिया के संदेश को सपूर्ण देश में ही नहीं वरन पूरे विश्व में फैलाने का आव्हान भी प्रतिभागियों ने इस दौरान बखूबी किया।

### साईकिल चलाईए, पेट्रोल बचाईए

साईकिल रैली के दौरान प्रतिभागियों ने तख्तियां लेकर शहरवासियों को पेट्रोल बचाईए, साईकिल चलाईए और साईकिल चलाईए, प्रदूषण भगाईए एवं साईकिल चलाईए, सेहत बनाईए का संदेश दिया। इस दौरान प्रतिभागियों से साईकिल चलाने से फायदे भी बताए। इसके साथ ही इस सस्ते और सुलभ तौर पर उपलब्ध साईकिल को अपना अभिन्न अंग बनाने की मांग प्रमुखता से की। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवा वर्ग मौजूद रहा।

## ध्वनिमत से पारित हुआ प्रस्ताव

**नवभारत,जबलपुर।** शनिवार 6 जून को औ.एफ.के. को-ऑप सोसायटी की आमसभा में सचिव सतिन शर्मा ने सभी प्रत्यायुक्तों का स्वागत किया। इस मौके पर अध्यक्ष वीरेन्द कुमार ने नयी योजनाओं जानकारी दी। संस्था के बजट एवं आय व्यय विजय भावेजी ने प्रस्तुत किया तथा लाभांश पर चर्चा की सभी प्रत्यायुक्तों ने 10 प्रतिशत लाभांश के प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित किया वही सदस्यों के सुझाव एवं पत्रों का वाचन अनिल अग्रवाल ने किया अन्य कोई विषय न होने से उपाध्यक्ष द्रव्य राजेंद्र मीना एवं सुनील पंडोले ने धन्यवाद के साथ सभा समाप्ति की घोषणा की इस अवसर पर दीपक सैनी, प्रियंका सिंह, विमल महावर, खुशबु चक्रवर्ती, विजय सिंह एवं कामगार यूनियन एवं लेबर यूनियन के रुपेश पाठक, अर्णब दास गुप्ता, राजेद्र चढ़ारीया, अमित चौबे पुष्पेंद्र सिंह, प्रेम सैन, सुकेश दुबे, हरिहर मीना, सीताराम सिलावट इन्होने हर्ष व्यक्त किया।

# 181 साहित्यकारों ने लिया पौधरोपण का संकल्प

पर्यावरण संरक्षण के लिए जनजागरण का आह्वान

**नवभारत,जबलपुर।** पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसकी जिम्मेदारी समाज के प्रत्येक व्यक्ति की है। प्रकृति हम सभी की मां और पृथ्वी पर जीवन का आधार है, इसलिए इसके संरक्षण के लिए सभी को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। यह विचार इंजीनियर विनोद नयन ने जबलपुर संस्कारधानी की साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था प्रसंग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंच के 515वें आयोजन के अंतर्गत आयोजित अखिल भारतीय पर्यावरण संरक्षण तथा जागरूकता संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए। संगोष्ठी में डॉ. रानू रुही ने प्राकृतिक संसाधनों के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं बसंत शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता बताते हुए प्रेरक दोहों की प्रस्तुति दी।




ऑनलाइन आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिल्ली से लेकर आंध्रप्रदेश तक के साहित्यकारों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने पर्यावरण विषय पर गीत, कविता, आलेख, निबंध और शोधपत्र प्रस्तुत कर संरक्षण और जागरूकता के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। देशभर से 181 रचनाकारों की सहभागिता रही।

## एक नजर में

### ईपीएफओ पेंशन 7,500 रुपये करने की मांग

**नवभारत, जबलपुर।** महाकौशल जनप्रतिनिधि विचार मंच ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा प्राइवेट और अर्धशासकीय कर्मचारियों की मासिक पेंशन 1,000 से बढ़ाकर 7,500 करने की मांग की है। इसके लिए मंच ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय श्रम मंत्री, मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय श्रम आयुक्त, संभागायुक्त जबलपुर और कलेक्टर जबलपुर को ज्ञापन भेजा। संयोजक व प्रदेश अध्यक्ष विजय कांडा और वरिष्ठ समाजसेवी रूपलाल यादव ने कहा कि बढ़ती महंगाई में 1,000 पेंशन बेहद कम है, सरकार जहाँ कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, वहीं ईपीएफओ कर्मचारियों की अनदेखी कर रहा है। मंच का आरोप है कि कई निजी और मान्यता प्राप्त संस्थाएं काम कराकर भी पीएफ जमा नहीं करतीं, जिससे कर्मचारियों का भविष्य खराब हो रहा है, ऐसी कंपनियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। यह अपील संयोजक विजय कांडा, राजेंद्र चौधरी, रूपलाल यादव, ठाकुर दीपक सिंह राजपूत, पिंकी ठाकुर, सरोज कांडा, दलवीर सिंह जस्सल, राजेश भाई पटेल, ठाकुर उमेंद्र सिंह, आशीष यादव, सुरेश हिरस्कर सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने की है।



### महिला डॉक्टरों ने किया पौधरोपण

**नवभारत, जबलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जबलपुर स्त्री रोग विशेषज्ञ संघ, जबलपुर मिनोपॉज सोसाइटी और जबलपुर आईएमए-एमएस संघ के सदस्यों ने डॉ. अलका अग्रवाल के सहयोग से विमल नर्सिंग होम में पौधरोपण किया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने आडू, चेरी व शहतूत के पौधे लगाते हुए 'पेड़ लगाओ जीवन बचाओ' और 'आज का पौधा कल का भविष्य' का संदेश दिया तथा धरती को हरा-भरा व स्वस्थ रखने की बात कही। इस आयोजन में जबलपुर स्त्री रोग विशेषज्ञ संघ की अध्यक्ष डॉ. नीता पाराशर, सचिव डॉ. रोमा नाग, जबलपुर मिनोपोज संघ की अध्यक्ष डॉ. चित्रा जैन, सचिव डॉ. सोनल रिछारिया, आईएमए डब्ल्यूडीडब्ल्यू की अध्यक्ष डॉ. नीना श्रीवास्तव, आईएमए-एमएस की अध्यक्ष डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. रंजना गुप्ता, डॉ. पुष्पा पांडे, डॉ. राखी बाजपेई, डॉ. कुसुम जैन, डॉ. कोमल जैन, डॉ. अनुराधा डांग, डॉ. शारदा मिश्रा, डॉ. आशा नामदेव, डॉ. शिल्पा सोमशेखर, डॉ. प्रियंका गौर, डॉ. शुभाली शर्मा, डॉ. कहकशा रजा, डॉ. फलक रजा, डॉ. कुसुम सोलंकी, डॉ. चारू पाठक, डॉ. ज्योतसना गुप्ता, डॉ. शालिनी अग्रवाल, डॉ. रिचा अग्रवाल, पीएमपी एसोसिएशन के सचिव डॉ. मकसूद चिश्ती और संतोष मिश्रा उपस्थित रहे।

# 15 दिन चलेगा नाला-नालियों का सफाई अभियान : निगमायुक्त

जर्जर भवनों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने दिए गए निर्देश

**नवभारत,जबलपुर।** आगामी मानसून के दौरान नागरिकों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने रविवार को एक बैठक आयोजित कर सभी विभागीय प्रमुखों को शहर में 15 दिवसीय महास्वच्छता अभियान चलाने निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने सभी से कहा कि अब 15 दिन नाला-नालियों एवं कंजरवेंसियों की



बेहतर सफाई के लिए स्वच्छता का महाअभियान चलेगा। जिसकी निगरानी प्रतिदिन अपर आयुक्त अरविन्द शाह, देवेन्द्र सिंह चौहान, व्ही.एन. बाजपेयी एवं अशफाक परवेज कुरैशी करेगें।

### जल निकासी की व्यवस्था करें दुरूस्त

निगमायुक्त ने वर्षाऋतु के दौरान वर्षाजल निकासी की व्यवस्था और जल को संचय करने की जिम्मेदारी बैठक के दौरान स्वास्थ्य, भवन, अतिक्रमण, उद्यान, विद्युत, फायर और लोककर्म विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों को दी। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी लोग आपसी तालमेल के साथ संयुक्त रूप से काम करें और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इस दौरान नागरिकों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के त्वरित निवारण पर भी विशेष जोर दिया गया। निगमायुक्त ने कहा कि मानसून में किसी भी संभावित दुर्घटना को रोकने के लिए शहर के सभी जर्जर भवनों की सूची पूर्ण कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। वहीं तीन दिन के अंदर सी.एम. हैल्प लाइन के प्रकरणों का संतुष्टी के साथ निराकरण करने अधिकारियों को निगमायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया।

# ब्रह्माकुमारी ने मनाया पर्यावरण दिवस

**नवभारत, जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहपुरा भिटोनी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व कल्याणी भवन शहपुरा की संचालिका आदरणीय उषा दीदी द्वारा उपस्थित सभी भाई-बहनों को पर्यावरण सुरक्षा की संकल्पबद्ध शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही विश्व कल्याणी भवन शाहपुरा के परिसर में एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी उपस्थित भाई-बहनों ने अपने कर-कमलों के माध्यम से पौधे रोपकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर उषा दीदी ने सबको जागरूक करते हुए प्रकृति के पांच तत्वों की



सुरक्षा और सम्मान करने का आह्वान किया। इस उपलक्ष्य में योग द्वारा पांचों तत्वों को साकाश भी दी गई। कार्यक्रम में कविता सिंह, सीमा सिंह, माया बहन, सुषमा बहन, लक्ष्मी बहन, संजना बहन, चावडरी माता, संगीता बहन, गीता बहन, जानकी बहन, भ्राता श्यामलाल दादा, सुधीर भाई, गणेश भाई, नन्दकिशोर भाई और वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र जैन उपस्थित रहे।



# गोरखपुर श्रीकृष्ण मंदिर में हरिनाम संकीर्तन

**नवभारत, जबलपुर।** श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मण्डल, जबलपुर के तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास पर सनातन धर्म सभा श्रीकृष्ण मंदिर गोरखपुर में भव्य हरिनाम संकीर्तन हुआ। संकीर्तनचार्य पं. मनमोहन दुबे के सानिध्य में नृत्य, गाजे-बाजे, शंख व घंटों की गूंज के साथ 'चलो बृंदावन धाम', 'राधे राधे', 'श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी सीताराम' भजनों से परिसर गुंजायमान रहा। श्री राधा कृष्ण की महाआरती संग कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संयोजक देवेंद्र नेमा ने कहा कि भगवान हर जगह व्याप्त हैं और 'हरि व्यापक सर्वत्र समाना' प्रभु का नाम सुमिरन व संकीर्तन अवश्य करना चाहिए क्योंकि यह सर्व फल प्रदायक है। इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में पं. अयोध्या प्रसाद शास्त्री, श्याम चतुर्वेदी, पं. देवेंद्र त्रिपाठी, पं. मुन्ना महाराज, कपिल द्विवेदी, लकी भाटिया, ओ. पी. बाधवा, देवेंद्र नेमा, रेणु गुप्ता, योगिता पुंज, नीलम सबरवाल, सत्यप्रकाश नामदेव, के. एल. दीक्षित, प्रभाकर चतुर्वेदी, मोहित तिवारी, पप्पू चौबे, राजेंद्र सोनी, अमित विश्नोई, विशाल पंड्या, शिव नामदेव, राजेश असाटी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# महापौर निवास पर धूमधाम से मनाया गया विश्व पोहा दिवस

संस्कारधानी में बिखरी स्वदेशी स्वाद की महक

**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के भारतीय परंपरा और स्वदेशी व्यंजनों को बढ़ावा देने के राष्ट्रव्यापी आह्वान से प्रेरणा लेते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने संस्कारधानी जबलपुर में विश्व पोहा दिवस बेहद उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया। नगर निगम मुख्यालय स्थित शासकीय महापौर निवास के प्रांगण में आयोजित इस स्वदेशी पोहा-जलेबी और चटनी पार्टी में



शहर की सांस्कृतिक समरसता, आपसी सौहार्द और अपनेपन की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली।

इस गरिमामयी आयोजन में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' की सहृदयता और आत्मीय स्वागत ने आए हुए सभी अतिथियों का दिल जीत लिया। सुबह 8 बजे से ही आयोजन स्थल पर उत्सव जैसा माहौल था, जहाँ एक ओर पोहे की सोंधी खुशबू हवा में तैर रही थी, वहीं दूसरी ओर कड़ाही से छनती गरमा-गरम जलेबियों और चटपटी चटनी के पारंपरिक स्वाद ने हर किसी का मन मोह लिया।

### प्रमुख हस्तियों ने की शिरकत

इस स्नेहिल स्वदेशी आयोजन में शहर के गौरव और विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, जे.डी.ए. अध्यक्ष संदीप जैन, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय और नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार उपस्थित रहे। इनके अलावा शहर के प्रबुद्धजनों, पत्रकार बंधुओं, कला, खेल, शिक्षा, और स्वास्थ्य जगत के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों की संख्या में सजग नागरिकों और निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देशहित में स्वदेशी अपनाने का संकल्प भी दोहराया।

# आभार मित्रों के कार्यक्रम में गूंजी सेवा की गौरवगाथा

**नवभारत,जबलपुर।** रायपुर, रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रांतपाल रोटे अमित पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व एवं रोटरी क्लब धमतरी के तत्वावधान में आयोजित भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह 'आभार मित्रों का' रविवार को रायपुर में हर्षोल्लास और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समारोह में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में रोटेरियनों ने सहभागिता कर सेवा, नेतृत्व और उपलब्धियों का उत्सव मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल




डायरेक्टर वासुदेव गोलियान (नेपाल) तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रांतपाल एवं राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा रहे। अतिथियों ने रोटरी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए सेवा कार्यों को समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताया।

मुख्य अतिथि वासुदेव गोलियान ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के रोटरी सदस्य शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से रोटरी वर्ष 2025-26 में प्रांतपाल अमित जायसवाल के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट 3261 द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा करते हुए बताया कि यह डिस्ट्रिक्ट आज भारत के तीन जोनों के 28 डिस्ट्रिक्ट्स में अग्रणी 10 डिस्ट्रिक्ट्स में स्थान प्राप्त कर चुका है। विशिष्ट अतिथि विवेक कृष्ण तन्खा ने जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए सभी क्लब अध्यक्षों, सचिवों एवं डिस्ट्रिक्ट टीम को बधाई देते हुए कहा कि रोटरी की सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। समारोह में रोटरी के सात प्रमुख सेवा क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्लबों, अध्यक्षों, सचिवों एवं डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारियों को कुल 367 अवार्ड प्रदान किए गए।



# ग्वारीघाट में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**नवभारत,जबलपुर।** रविवार को पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नर्मदा तटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। प्रमुख तीर्थ क्षेत्र ग्वारीघाट के उमाघाट, जिलहरी घाट सहित विभिन्न घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने नर्मदा स्नान किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान, दान-पुण्य और कथा-पाठ जैसे आयोजनों में भाग लिया। स्नान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। घाटों पर पूर्व में हुई घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, सुरक्षा जवानों ने नर्मदा नदी में लगातार गश्त की। बता दे कि सुबह से ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई, जो दोपहर बाद तक बनी रही। जिले और आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ कटनी, दमोह और मंडला से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। कई श्रद्धालु निजी एवं यात्री वाहनों से आए, जबकि कई पैदल और बस से यात्रा कर शनिवार रात को ही ग्वारीघाट पहुंचने लगे थे।

पुरुषोत्तम मास | गुजराती समाज की महिलाएं कर रहीं आध्यात्मिक साधना

# नर्मदा तट पर नित्य कर रहीं हरिनाम जाप

**नवभारत जबलपुर।** आधुनिक जीवन शैली और व्यस्तताओं के बीच हमारी सनातनी एवं आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराएँ आज भी समाज को एक सूत्र में बांधे हुए हैं। अधिमास के पावन पर्व पर इसका जीवंत प्रमाण माँ नर्मदा के तट पर प्रतिदिन देखने मिल रहा है। जँहा आस्था और भक्ति के बीच गुजराती समाज की श्रद्धालु महिलाएं पुण्य सलिला माँ नर्मदा तट पर हरि नाम जप संकीर्तन के साथ भगवान पुरुषोत्तम का विधि विधान से पूजन अर्चन कर दानपुण्य कर रहीं हैं।

सनातन परंपरा में अधिक मास अर्थात पुरुषोत्तम मास को भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त करने वाला पवित्र काल माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस माह में किए गए जप, तप, दान और स्नान का पुण्य कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे पुण्यदायी



अवसर पर माँ नर्मदा के पावन तट पर प्रतिदिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है।

### सूर्यदेव को अर्ध्य अर्पित कर करती हैं 108 बार हरिनाम जाप

नर्मदा तट पर प्रतिदिन प्रात:काल गुजराती समाज की महिलाओं का एक समूह एकत्रित होकर माँ नर्मदा में स्नान करता है और भगवान पुरुषोत्तम की आराधना में लीन हो जाता है। सूर्योदय की सुनहरी किरणों और नर्मदा की कल-कल ध्वनि के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठता है। पूजन की शुरुआत। नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र के 108 जाप से होती है। इसके बाद श्रद्धालु महिलाएँ सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित कर भगवान पुरुषोत्तम की पूजा-अर्चना करती हैं। नर्मदा तट पर प्रतिदिन पुरुषोत्तम मास की कथा का पाठ किया जाता है, जिसके माध्यम से धर्म, सेवा और सदाचार के संदेशों का श्रवण किया जाता है।

हरि नाम संकीर्तन से गूंज उठता नर्मदा तट कथा के उपरांत भजन-कीर्तन, सामूहिक आरती तथा दान-पुण्य के विविध कार्य संपन्न किए जाते हैं। भक्तिमय भजनों से पूरा तट हरि नाम के रस में सराबोर हो जाता है। श्रद्धालु महिलाओं का मानना है कि माँ नर्मदा तट पर आकर साधना करने से आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा के संचार के साथ ही ईश्वर के प्रति आस्था और बढ़ जाती है। पुरुषोत्तम मास में प्रतिदिन किए जा रहे इस धार्मिक अनुष्ठान में गुजरते समाज की यामिनी परमार, जयश्री वेगड़, धर्मिष्ठा परमार, मीता शाह, अर्चना वेगड़, लीना वेगड़, डिम्पल टांक, योगिता टांक, सोनिया परमार, प्रीति चावड़ा, कीर्ति राठौड़, चेतना परमार सहित अनेक श्रद्धालु सखियाँ नियमित रूप से सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहीं हैं।

## शहर से कुल 70 प्रस्तुतियां दीं गईं

**नवभारत, जबलपुर।** संगोष्ठी के दौरान सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संयोजन तथा संचालन डॉ. विनीता पाण्डेय 'विनीत' ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. मकबूल अली कादरी ने किया। शहर की सबसे प्राचीन साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था प्रसंग द्वारा आयोजित ऑंन लाइन संगोष्ठी में जबलपुर से इंजीनियर विनोद नयन, डॉ.रानू रुही, डॉ.मुकुल तिवारी, डॉ.विनोद बाजपेयी सहित 70 और देश भर से 111 कुल 181 प्रस्तुतियां दीं गईं।




# विवाह सम्मेलन को सफल बनाने बैठक में मंथन

**नवभारत, जबलपुर।** मेहरा समाज ट्रस्ट की विशेष बैठक इंडियन कॉफी हाउस, घंटाघर में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष एस. एल. मेहरा ने की और संचालन इंजी. भूपेंद्र मेहरा ने किया। बैठक में 28 जून को मानस भवन जबलपुर में होने वाले मेहरा समाज के 'सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह' को भव्य व सफल बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार कर सबको व्यक्तिगत दायित्व सौंपे गए। इस दौरान सभी ने अपने सुझाव रखे, साथ ही ट्रस्ट में विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन कर पदाधिकारियों व सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से इंजी. अशोक महोबिया, एड. कंचन सिंह मेहरा, जमना प्रसाद मेहरा, अमित मेहरा, विपतराम झारिया, हरि मेहरा, दीपक झारिया, इंजी. देवा झारिया, राकेश झारिया, सूरज झारिया, अजय झारिया, जोगेंद्र झारिया इत्यादि की उपस्थिति सराहनीय रही।